ROYAL

# जनभागीदारी रजिस्टर
## शासकीय महाविद्यालय बिश्रामपुर

Scanned with OKEN Scanner

जनभागीदारी समिति
शासकीय महाविद्यालय
विश्रामपुर

प्रमाणित किया जाता है कि
इस रजिस्टर में कुल 264 पेज है।
(01 to 264)

Principal
Govt.College Bishrampur
Distt.-Surajpur(C.G.)

Scanned with OKEN Scanner

# कार्यालय प्राचार्य, शासकीय महाविद्यालय बिश्रामपुर
## जिला–सूरजपुर(छ0ग0)

क्रमांक 01 / ज.भा. / 2019 — बिश्रामपुर,दिनांक /09/ 2019

छत्तीसगढ़ शासन के निर्देशानुसार शासकीय महाविद्यालय बिश्रामपुर में निम्नानुसार जनभागीदारी समिति के सामान्य परिषद का गठन किया जाता है।

| क्र. | नाम | पद | मोबाईल नं0 | पता |
|---|---|---|---|---|
| 1. | चंदन सिंह | अध्यक्ष | 777899901<br>9584640575 | शांतिनगर कालोनी बिश्रामपुर |
| 2. | कलेक्टर प्रतिनिधि | उपाध्यक्ष | | ना. तहसीलदार, बिश्रामपुर |
| 3. | सांसद प्रतिनिधि, श्री विवेक जायसवाल | सदस्य | 9926142666 | मेन रोड शिवनंदनपुर, बिश्रामपुर |
| 4. | विधायक प्रतिनिधि, श्री नरेन्द्र जैन | सदस्य | 7000877093 | मेन रोड शिवनंदनपुर बिश्रामपुर |
| 5. | मुख्य प्रबंधक<br>(S.E.C.L. Bishrampur) | सदस्य | 9425533501 | जी.एम. बंगला, 2ए कालोनी बिश्रामपुर, जिला सूरजपुर(छ0ग0) |
| 6. | श्री रमेश दनौदिया | सदस्य | 9754738095 | मेन रोड शिवनंदनपुर, बिश्रामपुर |
| 7. | श्री राकेश सिंह | सदस्य | 9926168338 | माईनस कालोनी, बिश्रामपुर |
| 8. | श्री धनवीर सिंह खेडा | सदस्य | 9584692700 | मेन रोड शिवनंदनपुर, बिश्रामपुर |
| 9. | प्राचार्य, स्वामी विवेकानंद स्कूल, बिश्रामपुर | सदस्य | 9340671525 | स्वामी विवेकानंद स्कूल, बिश्रामपुर |
| 10. | प्राचार्य, डी.ए.वी.स्कूल बिश्रामपुर | सदस्य | 7470792221 | डी.ए.वी. स्कूल बिश्रामपुर |
| 11. | श्री के.बी. सिंह | सदस्य | 7974741399 | J.M.Q. कालोनी बिश्रामपुर |
| 12. | श्री दुर्गा शंकर दिक्षित | सदस्य | 9826184255 | मेन रोड बिश्रामपुर |
| 13. | श्री विनोद जिन्दल | सदस्य | 9425587092 | मेन रोड बिश्रामपुर |
| 14. | श्री विकाश सिंह | सदस्य | 9425587095 | माईनस कालोनी, बिश्रामपुर |
| 15. | श्री प्रकाश कर | सदस्य | 9977344969 | हास्पीटल कालोनी, बिश्रामपुर |
| 16. | श्री विजय मिश्रा | सदस्य | 9425549396 | मेन रोड, सतपताए, बिश्रामपुर |
| 17. | श्री प्रेमजीत सिंह | सदस्य | 8435804501 | डिपार्टमेंटल कालोनी, बिश्रामपुर |

अध्यक्ष जनभागीदारी समिति
शासकीय महाविद्यालय बिश्रामपुर
जिला–सूरजपुर(छ0ग0)
14/09/19

PRINCIPAL
Govt. College Bishrampur
Distt : Surajpur (C.G.)
16/09/19

Scanned with OKEN Scanner

आज दिनांक 27-8-2011 को निम्न-
लिखित मुद्दों पर विचार-विमर्श हुआ।

(1) शिक्षण कार्य हेतु प्राध्यापकों की समस्या — कुल 09
प्राध्यापकों की आवश्यकता है। रु० 3000/- मानदेय
पर प्राध्यापक नियुक्त करने पर सहमति बनी।

(2) जनभागीदारी शुल्क की व्यवस्था — प्रत्येक छात्र से 200/-
रुपये जनभागीदारी शुल्क प्रतिवर्ष वसूल की जाय।
माननीय सदस्य चरणसिंह अग्रवाल द्वारा
रु० 10000/ (दस हजार) दान देने की घोषणा
की गई।

(3) कर्मचारियों का पारिश्रमिक — (चौकीदार तथा सफाईवाला)
प्रस्ताव जनभाग समिति के समक्ष
रखना है। चौकीदार एवं स्वीपर हेतु —
1500/ 1000/-

प्राचार्य
शासकीय महाविद्यालय
[illegible]

प्रभारी प्राचार्य
शासकीय महाविद्यालय
[illegible]

Page ____
Date ____

(4) भवन - SECL को शेड बनाने का प्रस्ताव बनाकर दिया जायेगा। जिसमें बैठक एवं व्याख्यान कक्ष हेतु रु० 500000/- (पाँच लाख रुपये) का प्रस्ताव भेजा जायेगा। (20×60 फीट का शेड)

(5) तीन माह बाद पुनः बैठक आयोजित किए जाने का निर्णय लिया गया। सभी सदस्यों को एजेन्डा के साथ आमंत्रण-पत्र भेजा जायेगा।

(6) सदस्यों द्वारा दान में निम्नलिखित राशि की घोषणा की गई -

1. श्री चरण सिंह अग्रवाल - 10000/-
2. " सत्यम गर्ग - - 5100/-
3. " दीपेन्द्र सिंह चौहान - 5100/-
4. अध्यक्ष श्रीमती रेणुका सिंह जी - 10000/-
5. रविशंकर ठाकुर - 1100/-

(7) सभी सदस्यों की राय से जनता से चन्दा के रूप में कम से कम एक लाख रुपये एकत्र करने की आम राय बनी

(8) दान दाताओं की सूची (क्रमांक 6 से आगे)
6- श्री अशोक गुप्ता जी - 2100/-
7- " आनंद पाल जायसवाल - 2100/-

(9) जनभागीदारी की बैठक के आयोजन पर व्यय की स्वीकृति दी गई।

अध्यक्ष

सदस्य सचिव
जनभागीदारी समिति
शासकीय महाविद्यालय
विश्रामपुर

प्रा० शा० महा० ...

अध्यक्ष
जनभागीदारी समिति
शासकीय महाविद्यालय
विश्रामपुर

Scanned with OKEN Scanner

एन आनन्द पाल जायसवाल — [signature]

किशोर सिंह — [signature]
जयप्रकाश यादव — [signature]
अशोक गुप्ता — [signature]
दिपेन्द्र चौहान — [signature]
रविशंकर (गुड्डू) — [signature]
दुर्गाशंकर जायसवाल — [signature]
सुरेन्द्र प्रसाद — [signature]
रामपाल वर्मा — [signature]
सत्यम गर्ग — सत्यम
सुबोध कुमार — [signature]

Scanned with OKEN Scanner

B

Page
Date

आज दिनांक 13-11-2011 को विश्रामगृह सूरजपुर में माननीय विधायक एवं अध्यक्ष जनभागीदारी समिति, शासकीय महाविद्यालय बिश्रामपुर की अध्यक्षता में जनभागीदारी समिति, ~~बिश्रामपुर~~ शासकीय महाविद्यालय बिश्रामपुर की बैठक आयोजित की गई जिसमें निम्नलिखित विषयों पर चर्चा हुई तथा तत्सम्बन्धी आवश्यक निर्णय लिए गए :—

(1) अतिथि व्याख्याता की नियुक्ति — आयुक्त उच्च शिक्षा के आदेशानुसार हिन्दी, राजनीति शास्त्र, रसायन शास्त्र, भौतिक शास्त्र तथा वाणिज्य विषय के अध्यापन हेतु विज्ञप्ति जारी की गई थी। राजनीति शास्त्र, रसायनशास्त्र तथा वाणिज्य विषय हेतु प्राप्त आवेदन-पत्रों में से मेरिट के आधार पर नियुक्ति का निर्णय लिया गया। भौतिक शास्त्र विषय हेतु उच्च शिक्षा विभाग, छ०ग० शासन से संविदा नियुक्ति की जा चुकी है। हिन्दी विषय में भी नियुक्ति की प्रक्रिया जारी है। अतः भौतिक शास्त्र और हिन्दी विषय के आवेदन पत्रों को वर्तमान में विचारार्थ नहीं लिया गया। गणित में भी संविदा की प्रक्रिया जारी है।

(2) जनभागीदारी से अध्यापन व्यवस्था — जिन विषयों पर संविदा नियुक्ति ~~या~~ या अतिथि व्याख्याता की नियुक्ति नहीं हो पा रही है उनमें जनभागीदारी निधि से प्रतिमाह रू० 3000/ (तीन हजार रुपये मात्र) के मानदेय पर अध्यापन व्यवस्था करने का निर्णय

लिया गया। जनभागीदारी से समाजशास्त्र तथा प्राणिशास्त्र में अध्यापन व्यवस्था करने की अनुशंसा की गई।

**③ वनस्पति शास्त्र में अध्यापन व्यवस्था:-**

अतिथि व्याख्याता नियुक्ति का विज्ञापन जारी करते समय वनस्पतिशास्त्र विषय को छोड़ दिया गया था और भौतिक शास्त्र को सम्मिलित किया गया था जिस पर शासन से संविदा नियुक्ति कर दी गई है। अतः भौतिक शास्त्र के स्थान पर वनस्पति शास्त्र के पद के लिए पुनः अतिथि व्याख्याता हेतु विज्ञप्ति जारी करने का निर्णय लिया गया।

सदस्य सचिव
जनभागीदारी समिति
शासकीय महाविद्यालय
विश्रामपुर

अध्यक्ष
जनभागीदारी समिति
शासकीय महाविद्यालय
विश्रामपुर

सदस्य-

1. दिपेन्द्र चौहान -

आज दिनांक 29-09-2016 को शासकीय महाविद्यालय विश्रामपुर के सभागृह में जनभागीदारी समिति के अध्यक्ष श्री अजय गोयलजीकी अध्यक्षता में, समस्त जनभागीदारी समिति के सदस्यों की उपस्थिति में ~~बैठक~~ जनभागीदारी समिति शास. महा. विश्रामपुर की बैठक आयोजित की गई जिसमें निम्न लिखित विषयों पर चर्चा हुई तथा तत्सम्बधी आवश्यक निर्णय लिए गए –

① जनभागीदारी मद – पूर्व प्राचार्य डा. जेवियर कुजूर द्वारा बताया गया कि जन. भागीदारी मद में प्रतिछात्र 200/- लिया जा रहा था जिसे ~~सत्र~~वर्ष 2015-2016 में 400/- किया गया। 2004 से 2016 तक जन. भागीदारी मद से आज दिनांक तक 11 लाख 5 हजार 600 रु. आय हुई तथा आज दिनांक तक 6 लाख, 43 हजार 139 रु. खर्च हुई। शेष बचत राशि 4 लाख, 62 हजार 461 रु. महा. के पास है इस बचत राशि को महाविद्यालय के विकास एवं सुचारु अध्ययन व्यवस्था हेतु खर्च करने की सहमति बनी।

② सदस्यों से प्राप्त सुझाव – (1) सदस्य श्री भीमसेन प्रा. सर. शिशु मंदिर द्वारा सुझाव दिया गया कि महा. में क्या कमियां है उजागर कर दूर करने की कार्यवाही की जाए। (2) सदस्य श्री भट्टाचार्य प्रा. शा. ~~कुछ~~ वि. विश्रामपुर ने बताया कि महा. में संसाधन बढ़ाकर एवं उपलब्ध संसाधनों को सही उपयोग कर महा. के समस्याओं को दूर करने की कार्यवाही की जाए।

③ सदस्य विकास सिंह द्वारा, सही समस्याओं को जानने हेतु महा. के छात्रसंघ अध्यक्ष, उपाध्यक्ष को बैठक में बुलाने का सुझाव दिया गया।

④ सदस्य - सुबोध जी द्वारा सुझाव दिया गया कि SECL के महा. प्रबंधक या उनके प्रतिनिधि को बुलाकर संसाधन जुटाने की कार्यवाही/चर्चा करने को कहा गया।

प्राचार्य महोदय द्वारा निम्न समस्याओं के चर्चा हेतु रखा गया एवं समस्याओं के समाधान हेतु की गई व्यवस्था पर अनुशंसा चाही गई -

(1) नये विषयों का प्रारंभ - महा. में कला संकाय में एक नया विषय भूगोल प्रारंभ हो गया है जिसके लिए अतिथि व्याख्याता नियुक्ति का विज्ञापन जारी कर शिक्षक नियुक्त कर दी गई। कला संकाय में इतिहास एवं अर्थशास्त्र विषय खोलने के लिए शासन से निवेदन की जाएगी साथ 2 एम.ए., एम.काम. विषय भी प्रारंभ करने के लिए शासन को लिखने का निर्णय लिया गया

② जनभागीदारी मद में जनप्रतिनिधि से योगदान - जन भागीदारी मद में सीर्फ छात्रों की ही भागीदारी मिल रही है नियमानुसार जनभागीदारी समिति के सदस्यों, जन प्रतिनिधियों से योगदान समिति में प्राप्त होना चाहिए जिससे महा. के सुचारू क्रियान्वयन में सहयोग प्राप्त हो सके।

③ आज दिनांक तक - नगर पंचायत से 5 कम्प्यूटर एवं जन प्रतिनिधि से 1 वाटर कुलर प्राप्त हुआ है। ~~[illegible]~~ महा. के संचालन हेतु जन प्रतिनिधियों एवं सदस्यों

Scanned with OKEN Scanner

से सहयोग प्राप्त करने हेतु निर्णय लिया गया।

(4) अतिथि व्याख्या. की नियुक्ति शासन के नियमानुसार कर अध्यापन कार्य सुचारु रूप से चल रही है कामर्स में 1 पद स्वीकृत है जबकि अन्य महा. में 2 पद स्वीकृत है। कामर्स एक संकाय है जिसमे कुल 18 प्रश्नपत्र होते है अत: 1 जनभागीदारी शिक्षक की नियुक्ति कर अध्यापन कार्य सुचारु रूप से चलाने की व्यवस्था का निर्णय लिया गया।

(5) भृत्य / स्वीपर की नियुक्ति – जनभागीदारी मद से 1 भृत्य की नियुक्ति की गई है क्योंकि भृत्य पद पर शासन से कोई नियमित भृत्य नियुक्त नहीं की गई है। कालेज मद से नियुक्त भृत्य को 2000/- मासिक मानदेय दी जा रही है उसे बढ़ाकर 3000/- एवं 1 स्वीपर की नियुक्ति कालेज मद से 1500/- पर की गई हैं जिसे बढ़ाकर 2000/- प्रतिमाह करने का निर्णय लिया गया।

(6) कार्यालयीन स्टॉफ – महा. में 1 सहा.ग्रेड-2, 1 सहा.ग्रेड-3 कार्यरत हैं। कार्यालयीन कार्य की अधिकता को देखते हुए 1 कम्प्यूटर आपरेटर जनभागीदारी मद से 5000/- प्रतिमाह मासिक मानदेय पर नियुक्त करने का निर्णय लिया गया।

(7) पुस्तकालय एवं कार्यालय हेतु 10 नये आलमारियों की आवश्यकता है इस पर अनुमोदन देने का कष्ट करें।

(8) सीमांकन एवं बाण्ड्रीवाल - महा. नये भवन में प्रारंभ हुए दो साल हो चुके है अत: अविलम्ब सीमांकन कराकर बाउण्ड्रीवाल बनाने हेतु बजट प्रस्ताव शासन को भेजें अथवा नीजि क्षेत्र से जनभागीदारी प्राप्त कर बाण्ड्रीवाल निर्माण कराया जाये। यह सुझाव श्री विकास सिंह दियागया

(9) टायलेट/शौचालय की मरम्मत कर, स्वच्छ रखने हेतु सुझाव दिया गया। श्री सिद्धार्थ तिवारी यह सुझाव पेश किया गया।

(10) पुस्तकालय में पुस्तकों की पर्याप्त संख्याएवं संदर्भ ग्रंथ उपलब्ध कराने हेतु सुझाव श्री निशांत मोदनवाल द्वारा दिया गया।

(11) महा. को स्वच्छ रखने हेतु 10 डस्टबिन एवं छात्रों हेतु 1 सूचना पट्ट (बोर्ड) लगाने का निर्णय लिया गया।

(12) जनभागीदारी मद में राशि की उपलब्धता अनुसार साउण्ड सिस्टम क्रय हेतु निर्णय लिया गया।

(13) अध्यक्ष महोदय द्वारा महा. की मास्टरप्लॉन निर्माण हेतु प्रस्ताव रखा गया। मास्टर प्लॉन के अनुसार अन्य विभिन्न निर्माण कार्य हेतु प्रस्ताव शासन को भेजने का सुझाव दिया गया।

Scanned with OKEN Scanner

(14) जनभागीदारी के समक्ष महा. के छात्रसंघ अध्यक्ष श्री मिथलेश रजवाड़े ने महा. के समस्याएं रखी एवं जनभागीदारी अध्यक्ष तथा प्राचार्य महो. की ~~समक्ष~~ समक्ष सभी संकाय से कम से कम 10-10 विद्यार्थियों के परीक्षा परिणाम प्रथम श्रेणी में उत्तीर्ण होने हेतु आश्वस्थ किया।

(15) महा. भवन का हस्तान्तरण नियमानुसार नहीं हुआ है अतः महा. भवन में अधिकांश जगह सीपेज व दीवालों में दरार व बनावट में त्रुटियों के संबंध में निर्माण एजेंसी एवं ठेकेदार तथा कलेक्टर महोदय को लिखित में अवगत कराने का निर्णय लिया गया।

प्रसिंह
29/9/16
सदस्य सचिव
जनभागीदारी समिति
शासकीय महाविद्यालय
विश्रामपुर

अध्यक्ष
जनभागीदारी समिति
शासकीय महाविद्यालय
विश्रामपुर

सदस्य — नाम — हस्ताक्षर

(1) श्री राजेश यादव
(2) श्रीमती गीता घोषाल
(3) श्री भीमसेन जी प्रा.स.शि.म.
(4) " प्राचार्य श्री प्रा.शा.उ.मा.वि.
(5) " सुबोध सिंह
(6) " देवधन मिंझिया
(7) " मन्दूराम सांडिल्य
(8) " विकास सिंह
(9) " सिद्धार्थ तिवारी

16

सत्र 2018-19.

जनभागीदारी की बैठक - दि. 22-02-2019.

आज दिनांक 22-02-2019 को जनभागीदारी अध्यक्ष श्री चन्दन सिंह जी की अध्यक्षता में प्राचार्य के आग्रह पर एक बैठक अपरान्ह 01:30 बजे प्राचार्य कक्ष में आयोजित की गई। जिसमें निम्नलिखित सदस्य उपस्थित हुये।

1. श्री चन्दन सिंह जी (अध्यक्ष जनभागीदारी समिति) — [signature]
2. प्राचार्य (जनभागीदारी सचिव) [signature]
3. डॉ. राजेश सिंह (वरिष्ठ प्राध्यापक) — [signature] 22.2.19.

कार्यवाही विवरण :-

1. प्राचार्य द्वारा बैठक में निवेदन किया गया कि, निम्नलिखित कर्मचारी महावि. में जनभागीदारी मद से नियुक्त किये गये हैं, जिनका वेतन (मानदेय) बहुत ही कम है, जिसे बढ़ाये जाने की आवश्यकता है।
(i) श्री चन्दन सिंह - लिपिक/टायपिस्ट — मानदेय 7000/ महिना
(ii) श्री सुदामा - चौकीदार — मानदेय 4000/ महिना
(iii) श्री मान साय - चपरासी — मानदेय 4000/ महिना
तथा रतिराम (स्वीपर) को बदलने की आवश्यकता है क्योंकि वह कार्य ~~संतोष~~ संतोषजनक नहीं कर रहा है तथा हमेशा गैर हाजिर रहता है।

2. बैठक में निर्णय लिया गया कि, श्री चन्दन सिंह के कार्य की अधिकता को देखते हुये प्रति माह 10,000/- एवं मान सिं, ~~सुदामा~~ को 5000/- एवं रतिराम (स्वीपर) को प्रति माह 5000/- रुपये 01-03-2019 से ~~बढ़~~ बढ़ा हुआ वेतन (मानदेय) देय होगा तथा रतिराम को हटाकर अन्य किसी योग्य व्यक्ति को इस कार्य के लिये रखने का निर्णय किया गया। सुदामा चूंकि रात में चौकीदारी करते हैं इसलिये उनको दि. 01-3-19 से कुल 5500/- मानदेय देने का निर्णय किया गया।

3. प्राचार्य ने जनभागीदारी अध्यक्ष से जनभागीदारी समिति के सदस्यों को नियुक्त करने का आग्रह किया। जिसपर अध्यक्ष महोदय ने शीघ्र सदस्यों की सूचि देने का आश्वासन दिया। अन्त में अध्यक्ष की अनुमति से बैठक समाप्त घोषित की गई।

प्राचार्य

अध्यक्ष
(श्री चन्दन सिंह)

सत्र 2019-20

जनभागीदारी की बैठक, दिनांक - 23/09/2019

18

आज दिनांक 23/09/2019 को जनभागीदारी अध्यक्ष श्री चंदन सिंह जी की अध्यक्षता में प्राचार्य के आग्रह पर एक बैठक अपराह्न 1:00 बजे महाविद्यालय में आयोजित की गई। जिसमें निम्नलिखित सदस्य उपस्थित हुए।

1. श्री चंदन सिंह (अध्यक्ष, जनभागीदारी समिति) —
2. प्राचार्य (सचिव, जनभागीदारी समिति) —
3. डॉ. राजेश कुमार सिंह (वरिष्ठ प्राध्यापक) —
4. श्री डी.पी. कोरी (सहा. प्राध्यापक) —
5. डॉ. कुन्तल किशोर (सहा. प्राध्यापक) —
6. श्री विवेक जायसवाल (सांसद प्रतिनिधि) —
7. श्री नरेन्द्र जैन (विधायक प्रतिनिधि) —
8. श्री राकेश सिंह (सदस्य) —
9. श्री धनवीर सिंह खेरा (सदस्य) —
10. श्री के.बी. सिंह (सदस्य) —
11. श्री दुर्गा शंकर दीक्षित (सदस्य) —
12. श्री विनोद जिन्दल (सदस्य) —
13. श्री प्रकाश कर (सदस्य) —
14. शबनम खातून (सदस्य) —
15. श्री प्रेमजीत सिंह (सदस्य) —
16. श्री रमेश दनौदिया (सदस्य) —
17. श्री विक्रम सिंह (सदस्य) —

कार्यवाही विवरण :-

1. सर्व प्रथम समि उपस्थित अतिथियों एवं सदस्यों का स्वागत छात्राओं, प्राध्यापकों एवं प्राचार्य द्वारा किया गया।
2. बैठक के प्रारम्भ में प्राचार्य/सचिव द्वारा महाविद्यालय के विकास हेतु तैयार किये गये आज के एजेन्डा को पढ़ कर सुनाया गया। जो निम्नानुसार है —

Scanned with OKEN Scanner

(a) महावि. में रिक्त कम्प्यूटर ऑपरेटर एवं चतुर्थ वर्ग के कुल तीन (3) पदों पर पूर्व के वर्षों से जनभागीदारी मद से नियुक्तियाँ हुई है, जिस पर प्रति माह कुल रु. 24100/- व्यय हो रहा है, उसकी वित्तिय स्वीकृति एवं समिति का अनुमोदन। तथा इन नियुक्तियों को आगे के वर्षों में आवश्यक्तानुसार जारी रखने की स्वीकृति।

(b) महाविद्यालय के विकासगत कार्यों को सुचारु रूप से पूरा करने हेतु, महावि. के जनभागीदारी शुल्क में रु. 300.00 (तीन सौ रुपये) वृद्धि करने पर चर्चा।

(c) महावि. में एक आडिटोरियम या सेमिनार कक्ष की नितान्त आवश्यकता है। इसकी व्यवस्था एवं उपलब्ध कराने पर चर्चा एवं प्रयास।

(d) महावि. को नवबोध प्रकाशन द्वारा पूर्व के वर्ष में कुल 60,000/ रुपये की पुस्तके प्रदाय की गई थीं। शासकीय आवंटन के तहत महावि. नें जिसका क्रय आदेश नवबोध प्रकाशन को दिया था। पर चूंकि, महावि. के प्राचार्य का D.D.O. 20 फरवरी को ही शासन नें समाप्त कर दिया था, इसलिये पुस्तकों का बिल ट्रेजरी में भुगतान हेतु प्रस्तुत नहीं हो सका। अत: चूंकि लाइब्रेरी में पुस्तके आ चुकी है, इसलिये उसका भुगतान जनभागीदारी मद से किया जाने पर चर्चा।

(e) महावि. परिसर में एन.एस.एस. द्वारा पौधा रोपण किया जाता है, जिसकी सुरक्षा हेतु कुल 20 नग ट्री-गार्ड क्रय करने की अनुमति।

(f) इसके अतिरिक्त माननीय अध्यक्ष महोदय की अनुमति से अन्य विषयों पर चर्चा।

(g) प्राचार्य ने जनभागीदारी समिति के उद्देश्य, आय-व्यय आदि का उल्लेख किया। तथा महावि. में रिक्त पदों पर अपनी चिन्ता से सदस्यों को अवगत कराया।

3. अध्यक्ष महोदय ने वरिष्ठ प्राध्यापक डॉ. राजेश सिंह से एक-एक कर एजेण्डा पढ़कर सुनाने को कहा।

4. डॉ. राजेश सिंह ने दिनांक 22-02-2019 के जनभागीदारी बैठक की कार्यवाही विवरण पढ़कर सदस्यों को सुनाया, जिसे सभी सदस्यों ने अनुमोदित किया।

प्रथम एजेण्डा (a) को भी बैठक में पूर्ण सहमति से पारित किया गया।

(फीस वृद्धि) द्वितीय एजेण्डा (b) को भी चर्चा उपरान्त पूर्ण सहमति से पारित किया गया, तथा यह निर्णय किया गया कि इसे सत्र 2019-20 में परीक्षा फार्म भरते समय 'स्वाध्यायी' छात्रों से लिये जाने वाली फीस में जोड़कर लिया जाये। और नियमित छात्रों के सत्र 2020-21 से लागू किया जायेगा। रु. 600/- जनभागीदारी फीस वृद्धि की गई।

महावि. में ऑडिटोरियम की कमी को सभी सदस्यों ने गम्भीरता पूर्वक महसूस किया, एवं शासन स्तर पर प्रयास करने की बात कही। चर्चा उपरान्त अध्यक्ष महोदय ने व्यवस्था दी कि, महावि. के प्रथम तल पर स्थित लाइब्रेरी हॉल को इस प्रयोजन हेतु सेमिनार कक्ष के रूप में विकसित किया जा सकता है। प्राचार्य ने भी अपनी सहमति यह कहते हुये दी कि, वर्तमान में पुस्तकालय अन्य कक्ष में संचालित हो रहा है, तथा लाइब्रेरी हॉल खाली है। सदस्यों ने चर्चा उपरान्त प्राचार्य को सुझाव दिया कि, सेमिनार कक्ष विकसित करने में लागत कितनी आयेगी तथा उसका कार्य प्राक्कलन बनवाकर सूचित करें और कार्य प्रारम्भ करें। यह प्रस्ताव भी पूर्ण बहुमत से पारित किया गया।

महाविद्यालय ग्रंथालय में नवबोध प्रकाशन द्वारा प्रदत्त पुस्तकों के भुगतान पर विधायक

प्रतिनिधि श्री नरेन्द्र जैन ने अपनी आपत्ती दर्ज की, तथा इस भुगतान को जनभागीदारी मद से न किये जाने की बात कही। चर्चा उपरान्त अध्यक्ष महोदय ने व्यवस्था दी कि, इस भुगतान को शासन से एलाटमेन्ट मंगा कर किया जावे, इस बावत शासन को स्मरण-पत्र भेजा जाये। मुझे भी पत्र की प्रतिलिपि दें, जिससे कि प्रयास मेरे स्तर से भी हो सके।

ट्री गार्ड पर चर्चा उपरान्त निर्णय लिया गया कि, प्रत्येक वर्ष 20 नग ट्री गार्ड वर्षा ऋतु के समय जनभागीदारी मद से क्रय किया जावे, जिसकी अनुमति प्रदान की गई। तथा 2 अक्टूबर 2019 को वृक्षारोपन कार्यक्रम रखा गया। अध्यक्ष महोदय की अनुमति से निम्नलिखित विषयों पर भी चर्चा पूर्ण कर निर्णय लिये गये —

अध्यक्ष श्री चन्दन सिंह ने महावि. में चल रही राजनीतिक गतिविधियों पर अपनी चिन्ता जाहिर की। जिस पर प्राचार्य महोदय ने बजरंग दल द्वारा कथित हड़ताल का उल्लेख कर उनका प्रतिवेदन प्रस्तुत किया। जिसमें प्राचार्य द्वारा लागू "छात्र हस्ताक्षर उपस्थिति पत्रक" जिसे सभी अतिथि व्याख्याताओं को कक्षा के समय उपस्थित छात्रों से हस्ताक्षर करवाना अनिवार्य है, को बजरंग दल एवं अतिथि व्यारव्ता वापस लेने की मांग कर रहे हैं। तथा अन्य मिथ्या मुद्दे उठा रहे हैं। इस पर सभी सदस्यों ने महावि. के अतिथि व्याख्याताओं का पक्ष सुनने की इच्छा जाहिर कर अतिथि व्याख्याताओं को बैठक कक्ष में बुलवाया। अतिथि व्याख्याता श्री अंकुश सिंह ने कहा कि, यह व्यवस्था अन्य किसी महावि. में लागू नहीं है, तथा इससे छात्रों का समय खराब होता है। श्री नरेन्द्र जैन ने चर्चा में भाग लेते हुये कहा कि, इससे छात्रों की उपस्थिति बढ़ेगी,

श्री दुर्गा शंकर दीक्षित ने कहा कि छात्रों को कक्षा में उपस्थिति पत्रक दे दिया जाये, फिर पीरियड समाप्ति पर उनकी गिनती तथा हस्ताक्षर की गिनती कर मिलान करने में मात्र 2 मिनट लगेंगे। सभी से चर्चा पश्चात अध्यक्ष महोदय ने प्राचार्य को सुझाव दिया कि, व्यवस्था अच्छी है, इसके बाद बजरंग दल के ज्ञापन पर चर्चा पर प्राचार्य ने बताया कि, उसमें की लगभग पूरी मांग पूर्ण की जा चुकि है। सभी सदस्यों ने प्राचार्य को एक मत होकर सुझाव दिया कि, इस बावत थाने को सूचित किया जावे। तथा बाहरी व्यक्तियों को महावि. में किसी प्रकार की गतिविधि न करने दिया जावे।

श्री दुर्गा शंकर दीक्षित ने महावि. में ड्रेस कोड लागू किये जाने की बात रखी, जिससे कौन बाहरी है, तथा कौन छात्र है, इसकी पहचान हो सकेगी। कु. शबनम ने कहा कि बहुत से छात्र ग्रामीण क्षेत्रों से आते हैं तथा गरीब हैं, उन पर वित्तीय भार पड़ेगा। श्री दीक्षित जी ने सुझाव दिया कि, फिर हम क्यों न "बैंक हैंगिंग आई कार्ड" छात्रों को वितरित कर देते हैं जो 50.00 रु. में बन जायेगा और सस्ता भी होगा। इस पर श्री रमेश दर्गोदिया जी ने सुझाव दिया कि, इसका व्यय भार हमलोग आपस में सहयोग कर के कर लेंगे। यह प्रस्ताव सर्व सम्मति से पारित किया गया, तथा श्री चन्दन सिंह ने व्यवस्था दि कि, इसे अगले सत्र से लागू करेंगे।

बैठक में श्री विकाश सिंह ने महावि. के परिसीमन, चहरदिवारी निर्माण एवं महावि. के ट्रांसफार्मर से अन्यों को कनेक्शन देने का मुद्दा उठाये। इस पर प्राचार्य महोदय ने जानकारी दी कि, महावि. का परिसीमन राजस्व विभाग द्वारा किया जा

चुका है, तथा चहरदिवारी का प्रॉक्लन बनवाकर PWD के माध्यम से कलेक्टर महोदय को भेजा जा चुका है। विद्युत विभाग से ट्रासफार्मर के विषय में पत्र लिख कर जानकारी मंगवा ली जायेगी।

महावि. में कैंटीन की उपलब्धता पर भी सदस्यों ने असंतोष व्यक्त किया। तथा प्राचार्य से व्यवस्था बनाने हेतु कहा।

श्री रमेश दनौदिया जी ने प्राचार्य एवं डॉ. राजेश सिंह से महावि. में अन्य जरूरी आवश्यकता बताने को कहा। इस पर डॉ. राजेश सिंह ने सूचित किया कि, कक्षाओं में स्थापित सिमेंटेड ब्लेक बोर्ड खराब हो चुके हैं तथा छात्रों को पढ़ने में असुविधा होती है, यदि 4'×8' फिट का "Green Magnetic Chalk Board" सभी अध्ययन कक्षों में स्थापित हो जायेगा तो छात्र हित में यह एक बड़ा पहल होगा। इस पर श्री दनौदिया जी ने कहा कि, आप क्रय की प्रक्रिया करें राशि की व्यवस्था हम जनसहयोग से कर लेंगे। चर्चा उपरान्त निर्णय लिया गया कि, इसी शिक्षा सत्र से "Green Board" लगा दिया जायेगा।

श्री चन्दन सिंह जी ने सुझाव दिया कि महावि. जनभागीदारी मद से एक वाटर कूलर भी छात्रों की सुविधा हेतु क्रय किया जाये, जिसे प्रथम तल पर स्थापित किया जायेगा। सभी सदस्यों ने ध्वनि मत से इस प्रस्ताव को स्वीकृत कर पास किया।

श्री ~~~~ दुर्गा शंकर दीक्षित जी ने ~~महाविद्यालय~~ ~~में~~ प्रस्ताव रखा कि, माह में दो बार सास्कृतिक कार्यक्रम महावि. में होना चाहिये। ~~~~ चर्चा उपरान्त सर्वसम्मति से इसे पास किया गया।

बैठक के अन्त में अध्यक्षा महोदय की अनुमति से प्राचार्य/सचिव ने डॉ. राजेश सिंह के धन्यवाद ज्ञापन के पश्चात बैठक समाप्त घोषित की।

प्राचार्य/सचिव

अध्यक्षा

Scanned with OKEN Scanner

आकस्मिक बैठक                                                दिनांक 01/02/2020

आज दिनांक 01/02/2020 को अध्यक्ष श्री चंदन सिंह जी के द्वारा आकस्मिक बैठक प्राचार्य कक्ष में प्रातः 11.00 AM बुलाई गयी जिसमें निम्नलिखित सदस्य उपस्थित हुए-

1. श्री चंदन सिंह (जनभागीदारी अध्यक्ष)
2. डा. पी. रंजन सिंह (प्राचार्य)
3. श्री दुर्गाशंकर दीक्षित
4. श्री निरंजन सिंह
5. श्री धनवीर सिंह राठौड़
6. श्री राकेश सिंह

कार्यवाही विवरण :

1. अध्यक्ष श्री चंदन सिंह ने सभी कक्षाओं में जनभागीदारी मद से ग्रीन बोर्ड लगाने हेतु प्रस्ताव रखा तथा बताया कि बच्चों की मांग इस विषय पर न्यायोचित है। चर्चा उपरान्त प्राचार्य को आदेशित किया गया कि वो सभी कक्षाओं में ग्रीन बोर्ड मंगवाकर स्थापित एक महीने के अंदर करें एवं बाद बिल में मान्य भुगतान कर दें।

2. प्राचार्य महोदय ने सूचना दी कि राजनीतिक विषय में अतिथि व्याख्याता द्वारा इस्तीफा देने के उपरान्त तथा उच्च न्यायालय का उक्त [illegible] रहे जैसी तकनीकी कारणों के कारण अभी तक उक्त विषय पर पुनः नियुक्ति नहीं हो पायी है। जिससे बच्चों की पठन-पाठन प्रभावित हो रही है। इस पर सभी सदस्यों के बीच चर्चा उपरान्त निर्णय लिया गया कि एक महीने के लिये जनभागीदारी मद से कम से कम राशि रखकर शिक्षक नियुक्त किया जाय। महाविद्यालय के प्राचार्य को इसके लिये आदेशित किया गया।

अन्त में अध्यक्ष की अनुमति से एवं धन्यवाद ज्ञापन के पश्चात बैठक समाप्त घोषित की गयी।

प्राचार्य                                                              अध्यक्ष

Scanned with OKEN Scanner

सत्र - 2020-21

26

जनभागीदारी समिति की बैठक, दिनांक - 09/03/2021

आज दिनांक 09/03/2021 को जनभागीदारी अध्यक्ष श्री चंदन सिंह की अध्यक्षता में प्राचार्य की उपस्थिति में जनभागीदारी समिति की बैठक अपराह्न 2:00 बजे महाविद्यालय में आयोजित की गई। इस बैठक में निम्नलिखित सदस्य उपस्थित रहे :-

1. श्री चंदन सिंह (अध्यक्ष, जनभागीदारी समिति) - [signature]
2. प्राचार्य (सचिव, जनभागीदारी समिति) - [signature]
3. डॉ० राजेश कुमार सिंह
4. श्री डी०पी० कोरी [signature]
5. डॉ० कुन्तल किशोर . [signature]
6. श्री दुर्गाशंकर दीक्षित - [signature]
7. श्री नरेन्द्र जैन [signature]
8. श्री प्रेमजीत सिंह [signature]
9. श्री धनवीर सिंह खंगार - [signature]
10. श्री रमेश रनौदिया - [signature]

बैठक का एजेंडा :-

1. चौकीदार पद पूर्व में कार्यरत श्री सुदामा प्रसाद जी की मृत्यु के पश्चात रिक्त होने तथा इस पद पर नई नियुक्ति के लिए चर्चा।
2. महाविद्यालय में कंप्यूटर ऑपरेटर के पद पर कार्यरत श्री चंदन सिंह को कलेक्टर दर (अर्धकुशल) के अनुसार वेतन देने बाबत।
3. भृत्य पद पर कार्यरत श्री मान सिंह का वेतन 500 रु प्रतिमाह बढ़ाने बाबत।

Scanned with OKEN Scanner

④ महाविद्यालय में बेंच-डेस्क को पेंट कराने हेतु।
⑤ महाविद्यालय में शौचालय तथा अन्य जरूरी साफ-सफाई के लिए लेबर पेमेंट के अनुमोदन बाबत।
⑥ अन्य खर्चो अध्यक्ष जनभागीदारी के अनुमति से लिया जाना।
⑦ पूर्व में कार्यरत श्री सुखमा प्रसाद (चौकीदार) के निधन के उपरांत उन्हें जनभागीदारी मद से 15000 रू. (पंद्रह हजार रूपए) सहयोग राशि प्रदान किए जाने बाबत।

कार्यवाही विवरण :-
① जनभागीदारी सदस्यों ने सर्वसहमति से स्व० सुखमा प्रसाद जी के पुत्र श्री अमित कुमार की जरूरी कार्यवाही पश्चात नियुक्ति के लिए अनुमोदित किया।
② श्री चंदन सिंह को कलेक्टर दर से वेतन निर्धारण करने हेतु सर्वसहमति से जनभागीदारी बैठक में निर्णय लिया गया।
③ श्री मान सिंह का वेतन प्रतिमाह 5000 से बढ़ाकर 5500 प्रतिमाह (पाँच हजार पाँच सौ रूपए प्रतिमाह) करने का निर्णय सर्वसहमति से लिया गया।
④ महाविद्यालय के बेंच डेस्क का पेंटिंग जनभागीदारी मद से कराने का निर्णय लिया गया।
⑤ शौचालय एवं अन्य जरूरी सफाई के लिए लेबर पेमेंट जनभागीदारी मद से कराने हेतु निर्णय सर्वसहमति से लिया गया।
⑥ श्री सुखमा प्रसाद जी के निधन उपरांत उनकी पत्नी को 15000 (पंद्रह हजार) रूपए प्रदान करने पर चर्चा की गई जिसका अनुमोदन पूर्व में ही (01/02/2021) किया गया था।
⑦ जनभागीदारी समिति ने सर्वसहमति से निर्णय लिया कि महाविद्यालय के दीवाल पर पेंटिंग तथा फ्लेक्सी पेंटिंग लगानी है जिसे जनभागीदारी मद से किया जाएगा।

Scanned with OKEN Scanner

इस हेतु छात्रों का चयन प्रतियोगिता के द्वारा किया जाएगा। इसका अनुमानित लागत 5000 रू. रहेगा।

(8) सभी गमलों का पेंटिंग (तिरंगा) कराने तथा नए बड़े पौधों को लगाने का निर्णय सर्वसहमति से लिया गया।

(9) महाविद्यालय में गार्डनिंग के लिए चर्चा करने हेतु प्रस्ताव किया गया।

प्रविंद

जनभागीदारी समिति की बैठक दिनांक 09/06/2022 29

आज दिनांक 09/06/2022 को बैठक प्राचार्य कक्ष में महावि. जनभागीदारी अध्यक्ष श्री चन्दन सिंह की अध्यक्षता में आहूत की गई। इस बैठक में निम्नलिखित सदस्य उपस्थित हुए।

1. श्री चंदन सिंह - अध्यक्ष जनभागीदारी समिति - [signature]
2. प्राचार्य - सचिव जनभागीदारी समिति [signature]
3. डॉ. राजेश कुमार सिंह - [signature]
4. श्री डी. पी. कोरी - [signature]
5. श्री विकाश सिंह - [signature]
6. श्री विनोद जिन्दल - [signature]

कार्यवाही विवरण :-

1. महाविद्यालय में सत्र 2022-2023 से छात्र-छात्राओं हेतु ड्रेस कोड लागू किया जाना है जैसा कि NAAC Peer Team द्वारा निर्देशित किया गया था। चर्चा उपरान्त, अध्यक्ष महोदय ने ने व्यवस्था दी कि पैन्ट ब्लैक एवं शर्ट स्टील ग्रे होगा।
2. महावि. में विज्ञान संकाय के छात्र/छात्राओं के प्रायोगिक कार्य हेतु लैब सामग्री क्रय किया गया था, जिसका शासन से बजट प्राप्त नहीं होने के कारण रू. 55904/- का भुगतान लम्बित है। जिसे जनभागीदारी मद से भुगतान करने की अनुशंसा इस शर्त पर की गई कि, शासन से आवंटन प्राप्त होने पर उक्त राशि को जनभागीदारी मद में समायोजन किया जायेगा। तथा महावि. लाइब्रेरी को N-लिस्ट में जोड़ने हेतु पंजीयन राशि रू. 36,000/ जनभागीदारी मद से भुगतान करने की सहमति दी गई।
3. चंदन सिंह कम्प्यूटर ऑपरेटर का वेतन नया कलेक्टरेट दर पर अपग्रेड करने की अनुशंसा की गई। इसके अतिरिक्त रू. 500/ फोटो कापी मशीन ऑपरेट करने का पारितोषिक एवं रू. 500/- में लाइब्रेरी का अतिरिक्त कार्य का, कुल

Scanned with OKEN Scanner

राशि रु. 1000/- का प्रति माह भुगतान करने की अनुशंसा की जाती है। दो बोर्ड जनभागीदारी समिति का महावि. में स्थापित किया जाना है। ~~अन्त में अध्यक्ष की अनुमति से बैठक समाप्त~~ वाटर कूलर ~~घोषित की गई~~ प्रथम तल पर जनभागीदारी मद से स्थापित किया जाना स्वीकृत किया गया। अन्त में अध्यक्ष की अनुमति से बैठक (~~सचिव~~) समाप्त घोषित की गई। (~~अध्यक्ष~~)

प्र सिंह
(सचिव)

(अध्यक्ष)

बैठक दिनाँक = 12/09/2022

3।

आज दिनाँक 12/09/2022 को बैठक प्राचार्य कक्ष में शा० महा० बिश्रामपुर के जनभागीदारी ~~अध्यक्ष~~ अध्यक्ष श्री चंदन सिंह की अध्यक्षता में आहूत की गयी। इस बैठक में निम्नलिखित सदस्य उपस्थित हुए।

नाम - हस्ताक्षर

(1) श्री चंदन सिंह - अध्यक्ष जनभागीदारी समिति - [signature]

(2) प्राचार्य - सचिव जनभागीदारी समिति - [signature]

(3) डॉ० राजेश कुमार सिंह - [signature]

(4) डॉ० प्रदीप श्रीवास्तव - [signature]

(5) डॉ० कुन्तल किशोर - Kuntal Kishore

(6) श्री शशि शेखर - Shashi

(7) ज्ञानेश सुडगाल - ज्ञानेश सुडगाल

(8) श्री रमेश अग्निहोत्री - [signature]

(9) श्री विवेक सिंह - [signature]

(10) विनोद मिन्टल - [signature]

कार्यवाही विवरण :-

(1) महाविद्यालयीन IQAC प्रभारी डॉ० राजेश कुमार सिंह द्वारा जनभागीदारी समिति के सामने माँग प्रस्ताव रखा गया।

(2) ग्रंथालय हेतु लाइब्रेरियन की नियुक्ति के लिए सभी सदस्यों के साथ-साथ जनभागीदारी अध्यक्ष श्री चंदन सिंह ने सहमति प्रदान की। लाइब्रेरियन की नियुक्ति योग्यता (B. Lib/M. Lib) के आधार पर अप्रैल 2023 तक के लिए होगी। इसके बाद इसकी समीक्षा की जाएगी एवं जरूरत होने पर पुनर्नियुक्ति की जाएगी। यह चयन महाविद्यालय के द्वारा गठित चयन समिति द्वारा मेरिट के आधार पर की जाएगी।

Scanned with OKEN Scanner

32

(3) लाइब्रेरी हेतु दो नग कंप्यूटर, एक थर्मल प्रिंटर एवं एक स्कैनर क्रय करने की अनुमति प्रदान की गई।

(4) पुस्तकालय हेतु बीस फीट लंबाई का स्टडी टेबल क्रय करने की स्वीकृति जनभागीदारी समिति द्वारा दी गई।

(5) Internet Lease Line (ILL) वाई-फाई हेतु 1,00,000 रुपए (एक लाख रुपए) की स्वीकृति प्रदान की गई।

(6) पुस्तकालय हेतु शोध गंगा तथा शोध सिंधु के सब्सक्रिप्शन (Subscription) के लिए 10,000 (दस हजार) रुपए प्रतिवर्ष स्वीकृत किया गया।

(7) रिसर्च (शोध) को बढ़ावा देने हेतु महाविद्यालय के सभी विभागों में चक्रानुक्रम में (Rotation wise) नियमित 2025 सहायक प्राध्यापक/ प्राध्यापक को शोध कार्य हेतु प्रतिवर्ष 10000 रु. स्वीकृत किया गया। जिसमें सत्र 2020-21 के लिए डॉ० कुन्तल किशोर (भूगोल विभाग) एवं सत्र 2021-22 के लिए डॉ० प्रदीप कुमार श्रीवास्तव (वाणिज्य विभाग) को शोध कार्य में किए खर्च में से स्वीकृत राशि तक समायोजन की स्वीकृति प्रदान की गई। सत्र 2022-23 के लिए श्री डी० पी० कोरी (प्राणीशास्त्र विभाग) को स्वीकृत राशि आवंटित करने की अनुमति प्रदान की गई।

(8) स्नातक प्रथम वर्ष (सभी प्रोगाम मिलाकर) के महिला टॉपर को द्वितीय वर्ष में फ्रीशिप (फीसमाफी) करने की अनुमति प्रदान की गई। दो छात्रों (प्रथम वर्ष एवं द्वितीय वर्ष के टॉपर) को प्रति छात्र 1000 (एक हजार) रुपए प्रदान करने की अनुमति दी गई। यह 1000 रु. राशि शासकीय महाविद्यालय बिश्रामपुर एकलव्य स्कॉलरशिप के रूप में प्रतिवर्ष प्रदान करने की स्वीकृति दी गई। पूर्व के वर्षों में इस मद में खर्च राशि का अनुमोदन एवं समायोजन करने की अनुमति प्रदान की गई तथा नियमित शिक्षकों का सेमिनार/सदस्यता के रजिस्ट्रेशन शुल्क के लिए प्रतिवर्ष 6000 रु. (छह हजार) तक की राशि देने की स्वीकृति दी

(9) महाविद्यालय के आंगन के लिए पेवर ब्लॉक एवं tactile Path (दिव्यांगजन के लिए) लगाने की स्वीकृति प्रदान की गई।

(10) सायकल स्टैंड का विस्तारीकरण एवं कैंटीन निर्माण के लिए 100000 (एक लाख) रूपए स्वीकृत किया गया। तथा 3 CCTV कैमरा क्रय की स्वीकृति दी गई।

(11) एल्युमनी रजिस्ट्रेशन के लिए 8000 (आठ हजार) रूपए स्वीकृत किया गया जिसमें रजिस्ट्रेशन शुल्क 5000 रूपए एवं अन्य खर्च 3000 रू होगा।

(12) वाई-फाई कैंपस के लिए प्रवेशी छात्रों से 100 रू एवं ई-लाइब्रेरी के लिए 25 रू. अतिरिक्त प्रवेश शुल्क के माध्यम से लेने की स्वीकृति प्रदान की गई।

उपरोक्तानुसार सभी बिंदुओं में स्वीकृति प्रदान की जाती है।

जनभागीदारी अध्यक्ष

अध्यक्ष
जनभागीदारी समिति
शासकीय महाविद्यालय
विश्रामपुर

प्राचार्य 12/09/22

प्राचार्य
शासकीय महाविद्यालय
विश्रामपुर, जिला-सूरजपुर (छ.ग.)

# बैठक दिनांक - 16/01/2023

आज दिनांक 16/01/2023 को ICT कक्ष में जनभागीदारी समिति की बैठक हुई। जिसकी अध्यक्षता श्री चंदन सिंह ने की। इस बैठक में निम्न सदस्य उपस्थित रहे:

1. श्री चंदन सिंह (अध्यक्ष) — [signature]
2. प्राचार्य (सचिव) — [signature]
3. श्री डी॰ पी॰ कोरी — [signature]
4. डॉ॰ कुन्तल किशोर — [signature]
5. श्री रमेश दनोदिया — [signature]
6. श्री विनोद जिंदल — [signature]
7. श्री राकेश सिंह — [signature]
8. श्री सरफ़राज खान — [signature]
9. श्री विकास सिंह — [signature]

एजेण्डा :— ① स्नेह सम्मेलन आयोजित करने के संबंध में।
② महाविद्यालय के अन्य कार्यों के संबंध में।

कार्यवाही विवरण :—

1. पिछली बैठक में लिए गए सभी निर्णयों पर चर्चा की गई तथा बचे हुए कार्यों को अतिशीघ्र समाप्त करने का निर्णय लिया गया।
2. बंद पड़े सी.सी.टी.वी कैमरा को अतिशीघ्र चालू करवाने को कहा गया।
3. लाइब्रेरी फ्लोर की मैरिंग कराने का निर्णय लिया गया।
4. सेमिनार हॉल के प्रोजेक्टर का लीड लगवाने के प्रस्ताव को मंजूरी मिली।
5. नाइट गार्ड सर्वेयट दास को गैर-जिम्मेदाराना कार्यों के लिए चेतावनी देने तथा आवश्यक होने पर किसी और की नियुक्ति इस पद पर करने का निर्णय लिया गया।

Scanned with OKEN Scanner

(6) भूगोल, अर्थशास्त्र, रसायनशास्त्र, राजनीतिशास्त्र, इतिहास विषयों में पोस्ट-ग्रेजुएट की मान्यता लेने का निर्णय लिया गया।

(7) महाविद्यालय के वार्षिक समारोह को धूम-धाम से मनाने का निर्णय लिया गया। इसके लिए संरचनात्मक व्यवस्था, भोजन की व्यवस्था, सांस्कृतिक कार्यक्रमों की रूपरेखा पर चर्चा की गई। अतिथियों के आमंत्रण पुरस्कार वितरण एवं कार्यक्रम की समयावधि पर भी चर्चा की गई। कार्यक्रम के लिए फरवरी के प्रथम सप्ताह में किसी एक दिन का चयन किए जाने का निर्णय लिया गया।

प्राचार्य
शासकीय महाविद्यालय बिश्रामपुर
जिला-सूरजपुर (छ.ग.)

अध्यक्ष
जनभागीदारी समिति
शासकीय महाविद्यालय
बिश्रामपुर